## रणवीर बेहतरीन सह-कलाकार : शालिनी पांडे

फिल्म अर्जुन रेड्डी की अभिनेत्री शालिनी पांडे का कहना है कि जयेशभाई जोरदार में उनके सह-कलाकार रणवीर सिंह काफी अच्छे हैं। शालिनी ने कहा, चूंकि फिल्म गुजरात की पृष्ठभूमि पर आधारित है, इसलिए मुझे वहां जाने और राज्य के अनदेखे जगहों पर शूटिंग करने का मौका मिला। रणवीर से मिलने के लिए सेट पर हर रोज पहुंचने वाले लोगों की भारी भीड़ को देखना वाकई में शानदार था और मुझे यह देखकर काफी खुशी हुई कि कुछ ने मुझे अर्जुन रेड्डी की हीरोइन के तौर पर भी पहचाना और फिल्म में मेरे किरदार का नाम (प्रीति) लेकर मुझे पुकारना शुरू कर दिया। अर्जुन रेड्डी लोगों की एक पसंदीदा फिल्म है और फिल्म एक बड़े पैमाने पर देश के लोगों से जुड़ने में कामयाब रही।



उन्होंने आगे कहा, लोगों का रणवीर के प्रति प्यार को देखना मेरे लिए काफी चौंकाने वाला रहा। रणवीर एक बेहतरीन सह-कलाकार हैं और हमारे बीच रिश्ता टीम के सदस्य जैसा रहा। उनके स्टारडम की वास्तविकता से मैं प्रभावित हुई।

## अमृता खानविलकर ने की मलंग के सह-कलाकार की तारीफ

अभिनेत्री अमृता खानविलकर इस बात से खुश हैं कि मलंग के रिलीज के बाद से ही उन्हें ढेर सारा प्यार मिल रहा है। साथ ही अभिनेत्री ने फिल्म में अपने सह-कलाकार कुणाल खेमू की भी खूब तारीफ की है।

अमृता ने कहा, मुझे अच्छा लगा कि किस तरह से सेकेंडरी कलाकारों को भी न सिर्फ प्रमुख कलाकारों के ए-गेम में लाया गया, बल्कि मुख्य कलाकारों की तरह ही उनकी भी बहुत सराहना की गई। लोगों ने मेरे और कुणाल खेमू के बीच की केमिस्ट्री को पसंद किया है। उन्होंने अपने किरदार से सभी को चकित कर दिया, और इसी तरह हमारी केमिस्ट्री भी बनी ! लोगों द्वारा फिल्म देखना और सोशल मीडिया पर खूब प्यार भेजना अद्भुत है।

अभिनेत्री ने खुलासा किया कि किस तरह कुणाल ने कुछ दृश्यों में उनकी मदद की। अभिनेत्री ने कहा, मैने कभी एक्शन सीन नहीं किया है और पूरे क्लाईमैक्स में मुझे यहां वहां गिरना था। शुरुआत में मैं काफी डर गई, क्योंकि मैं खुद को चोटिल नहीं करना चाहती थी। तब मुझे कुणाल ने बचाया और बताया कि यह दृश्य कैसे करना है। वह न सिर्फ शानदार कलाकार हैं, बल्कि बहुत सहायक भी हैं।

## जोनिता गांधी ने अपने रैप एक्ट से किया सबको हैरान

गायिका जोनिता गांधी सौ तरह के और लगदी है थाई जैसे कई गानों के लिए मशहूर हैं। हाल ही में अपने भाई की संगीत में उन्होंने एक सरप्राइज परफॉर्मेंस देकर सबको चौंका दिया। जोनिता फिलहाल टोरंटो में अपने घर गई हुई हैं। यहां उन्होंने अपने डांस और गजब के रैप एक्ट से वहां मौजूद लोगों को हैरानी में डाल दिया।

जोनिता ने पहले अपने भाई मंदीप और मोहुआ की प्रेम कहानी का रैप किया और इसके बाद उन्होंने अपने हिट गाने दिल का टेलीफोन पर डांस भी किया, जो आयुष्मान खुराना अभिनीत फिल्म ड्रीम गर्ल का गाना है।

लाल रंग का शरारा पहने जोनिता ने अपनी प्रस्तुति से माहौल में जान डाल दी। इंस्टाग्राम पर मौजूद इस वीडियो में उनके परिवार के सदस्यों, दोस्तों द्वारा उन्हें उत्साहवर्धन करते देखा जा सकता है।

## भुज : द प्राइड ऑफ इंडिया में मां का किरदार निभाएंगी इहाना ढिल्लों

अजय देवगन स्टारर आगामी फिल्म भुज : द प्राइड ऑफ इंडिया में अभिनेत्री इहाना ढिल्लों मां के किरदार में नजर आएंगी। अभिषेक दुधैया निर्देशित फिल्म में 1971 में भारत-पाक युद्ध में भारत को रणनीतिक लाभ दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली गुजरात के कच्छ जिले के माधपार गांव की 300 बहादुर महिलाओं की कहानी दिखाई जाएगी। फिल्म में सोनाक्षी सिन्हा और एमी विर्क भी हैं।

इस परियोजना के बारे में बात करते हुए इहाना ने कहा, फिल्म की स्क्रिप्ट बेहद शानदार है और वायुसेना अधिकारी का किरदार निभाना मेरे लिए बिल्कुल नया अनुभव है। यह चुनौतीपूर्ण है। मेरे निर्देशक अभिषेक जी इस को लेकर बिल्कुल स्पष्ट थे। फिल्म में 1971 में महिलाओं की आजादी के बारे में दिखाया गया है। इस परियोजना से जुड़ कर काफी गौरवांवित हूं।

# अभिनव बिंद्रा की बायॉपिक में बेटे हर्षवर्धन संग नजर आएंगे अनिल कपूर

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

फिल्म ऐक्टर हर्षवर्धन कपूर ने ओलंपिक में गोल्ड मेडल विनर अभिनव बिंद्रा की बायॉपिक की शूटिंग शुरू कर दी है। हर्षवर्धन कपूर के पिता और ऐक्टर अनिल कपूर ने सोशल मीडिया पर इसकी घोषणा की। इस फिल्म में हर्षवर्धन कपूर निशानेबाज अभिनव बिंद्रा की भूमिका निभा रहे हैं। इस बायॉपिक में हर्षवर्धन कपूर के पिता की भूमिका अनिल कपूर निभाएंगे। अभिनव बिंद्रा की बायॉपिक में यह पहला मौका होगा जब पिता और पुत्र किसी फिल्म में एक साथ काम करेंगे। इससे पहले फिल्म एक लड़की को देखा तो ऐसा लगा में अनिल कपूर ने बेटी सोनम कपूर के साथ पहली बार काम किया था। अनिल कपूर ने हर्षवर्धन और बिंद्रा के साथ अपनी तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए लिखा, शुरूआत हो रही है। यह फिल्म अभिनव बिंद्रा की आत्मकथा ए शॉट ऐट हिस्ट्री: माई ऑब्सेसिव जर्नी टू ओलंपिक गोल्ड ऐंड बियॉन्ड पर आधारित है। बता दें कि हर्षवर्धन कपूर ने साल 2016 में फिल्म मिर्जिया से बॉलिवुड में डेब्यू किया था। इसके दो साल बाद 2018 में उन्होंने सुपरहीरो फिल्म भावेश जोशी में काम किया था।



बताते चलें कि हर्षवर्धन कपूर ने सितंबर, 2017 में इस बायॉपिक का हिस्सा होने की घोषणा की थी। उस समय ऐक्टर ने अभिनव बिंद्रा के साथ तस्वीर शेयर की थी। इसके साथ लिखा था, शुरूआत बहुत खास होती है। खासतौर पर तब, जब आपको कोई ऐसा किरदार निभाने को मिले जिसने देश को दुनिया भर में गौरव दिलाया हो। मुझे खुशी है कि मुझे अभिनव बिंद्रा का किरदार निभाने का मौका मिला है। मैं पूरी कोशिश करूंगा कि इस भूमिका के साथ न्याय कर पाऊं।

# करियर को लेकर प्लानिंग नहीं करते विकी कौशल

ड्रामा से लेकर ऐक्शन फिल्मों में अपनी ऐक्टिंग से लोगों का ध्यान आकर्षित करने वाले ऐक्टर विकी कौशल इस साल की शुरुआत हॉरर फिल्म 'भूत- द हॉन्टेड शिप' से करने जा रहे हैं। 2018 में विकी कौशल ने 'राजी','संजू' और 'मनमर्जियां' जैसी फेमस फिल्मों में काम किया था और 2019 में आई फिल्म 'उरी: द सर्जिकल स्ट्राइक' के लिए उन्हें नैशनल अवॉर्ड भी मिला। विकी कौशल कहा कि मैं अपने करियर के लिए कोई योजना नहीं बनाता। मैं अगर ऐसा करूंगा तो अपने काम के साथ न्याय नहीं कर पाउंगा। वह मुझे एक ऐक्टर के तौर पर जटिल बना देगा। मेरे लिए अच्छे फिल्मकारों द्वारा बनाई बेहतरीन फिल्मों का हिस्सा होना जरूरी है क्योंकि लोग अच्छी कहानियां देखना चाहते हैं। विकी कौशल का मानना है कि वह जब तक अलग-अलग तरह की फिल्में करते रहेंगे ऐक्टर के तौर पर उनका विकास होता रहेगा। उन्होंने कहा कि मैंने फिल्म 'उरी: द सर्जिकल स्ट्राइक' से पहले कोई ऐक्शन फिल्म नहीं की थी इसलिए मुझमें वह करने की ललक थी। फिल्म 'भूत- द हॉन्टेड शिप' मेरी पहली हॉरर फिल्म थी, इसलिए मुझे काफी मेहनत करनी पड़ी। मैं संतुष्ट होना चाहता था कि अब में इसमें रम गया हूं। फिल्म 'भूत- द हॉन्टेड शिप' का निर्देशन भानू प्रताप सिंह ने किया है। फिल्म 21 फरवरी को बड़े पर्दे पर रिलीज हुई। इस फिल्म के अलावा विकी कौशल डायरेक्टर शूजीत सरकार की क्रांतिकारी उधम सिंह की बायॉपिक में नजर आएंगे। वह करण जौहर की फिल्म 'तख्त' में भी हैं।



# आनंद शीला की रोल निभाकर सम्मानित महसूस करूंगी: आलिया भट्ट

भारतीय गुरु रजनीश (ओशो) की विश्वासपत्र आनंद शीला तभी से सुर्खियों में हैं जब हाल ही में उन्होंने ऐक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा जोनस को लीगल नोटिस भेजा। प्रियंका उनपर बायॉपिक बनाने और उसे प्रड्यूस करने को लेकर चर्चा में थीं।

आनंद चाहती थीं कि अगर उनकी जिंदगी पर फिल्म बनती है तो उनका पार्ट आलिया भट्ट प्ले करें, न कि प्रियंका। आलिया ने कहा, अगर आनंद शीला को लगता है कि मैं उनका पार्ट प्ले कर सकती हूं तो मैं खुद को सम्मानित और आभारी महसूस करती हूं। उम्मीद है कि अगर वह पार्ट बनता है तो मैं उसे निभाना पसंद करूंगी।

इससे पहले एक इंटरव्यू में शीला ने कहा था कि उन्होंने वह फिल्म थोड़ी देखी जो उनकी बहन देख रही थीं और उनको लगा कि वह आलिया की तरह लगती हैं। शीला ने आगे कहा कि आलिया के अंदर वही साहस है जो उनके अंदर था। शीला के मुताबिक, साहस बेहद जरूरी है और यह नैचरल होता है, न कि आर्टिफिशल।



प्रियंका को नोटिस भेजने को लेकर आनंद शीला ने कहा कि उन्होंने ऐक्ट्रेस को फिल्म की परमिशन नहीं दी क्योंकि उन्होंने उन्हें चुना नहीं था। वर्क फ्रंट की बात करें तो आलिया अब सड़क 2, ब्रह्मास्त्र, आरआरआर, गंगूबाई काठियावाड़ी और तख्त जैसी फिल्मों में नजर आएंगी।